# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सुरेश कुमार मीना पुत्र श्री शिवलाल मीना निवासी ग्राम पीलोडी तहसील सिकराय जिला दौसा राजस्थान– 303509

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 27/2026

## निर्णय

दिनांक 02.04.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2026/575 दिनांक 26.02.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय ने पत्र क्रमांकः राजस्व/आर.टी.आई./2025/343 दिनांक 30.03.2026 के द्वारा वांछित सूचना अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा